**कार्यालय परियोजना यंत्री,**
**मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम,**
**संभाग ग्वालियर क्र.02,**
**फ्लेट नं. 303, 304, तृतीय तल, साक्षी ग्रीन बिल्डिंग, हरदौल गार्डन के पास,**
**सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर पिन–474006**

क्रमांक /320 /निविदा/तशा./म.प्र.पु.आ.अधो.वि.नि./2026 ग्वालियर–2 दिनांक : 19/5/2026

# निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/2026–27

**मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग–ग्वालियर–02** की ओर से निम्नलिखित कार्य को संपादित करने के लिए भारत सरकार एवं अन्य राज्य सरकारों के विभाग अथवा इनके सार्वजनिक उपक्रमों अथवा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा स्थापित स्वायत्त संस्थान एवं मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र–अ में प्रतिशत दर पर **भवन निर्माण के कार्य एवं विद्युत कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. के एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2024 एवं कार्पोरेशन में लागू दिनांक 12.01.2024, सड़क के कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के एस.ओ.आर. 11.04.2025 से प्रभावशील, कार्पोरेशन में लागू दिनांक 01.02.2026 (निविदा आमंत्रण दिनांक तक कार्पोरेशन में लागू संशोधन सहित)** पर दो लिफाफा पद्धति आधार पर ऑन लाइन निविदायें http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं। प्रथम लिफाफा में अमानत राशि, द्वितीय लिफाफे में प्राइज बिड ऑन लाइन प्रस्तुत करना होगी। ऐसे निविदाकार जिनके द्वारा म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम के अन्तर्गत निर्माण कार्य के अनुबंध के क्रियान्वयन में निविदाकारों की त्रुटि के कारण असफल होने के फलस्वरूप निविदाकार की कीमत एवं जोखिम पर अनुबंध को समाप्त किया गया हो तो ऐसे निविदाकर अनुबंध समाप्ति दिनाक से आगामी तीन वर्षों के लिये इस निगम की निविदाओं में भाग नहीं ले सकेंगें।

| क्र. | जिला का नाम/ऑन लाईन टेन्डर क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. हजार में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. हजार में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Bhind/ 2026_ MPPHC_ 505940_1 | 17वीं वाहिनी वि.स.बल, भिण्ड में :–<br>(1) वरिष्ठ अधिकारियों के ड्रायवर एवं गनमैन ठहरने हेतु एक रूम का निर्माण कार्य।<br>(2) वाहिनी परिसर में ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के न्यू रूम के चारों ओर प्लिंथ प्रोटेक्शन कार्य। | 18.89 | 37,780/- | 2000/- | 04 | प्रथम |

नोट :–

1. उपरोक्त निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट से केश कार्ड/ए.टी.एम कम डेबिड कार्ड/इन्टरनेट बैंकिग खाते से भी भुगतान कर ऑनलाइन टेण्डर दिनांक– **01/06/2026** को **05:00** बजे तक आनलाईन टेण्डर खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं अन्य किसी भी प्रकार से भुगतान कर क्रय किये गये निविदा प्रपत्र मान्य नहीं होगे, एवं म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा निविदा प्रपत्र एवं ईएमडी के लिये किसी भी प्रकार की छूट का प्रावधान नही किया गया है। निविदा दिनांक **03/06/2026** को कार्यालयीन समय में खोली जावेगी। निविदा खोलने के समय संबंधित निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
2. कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता/संबधित परियोजना यंत्री कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. विस्तृत निविदा सूचना अन्य विवरण पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

**आवश्यक शर्ते :–**

1. निविदाकारों को आवश्यक अभिलेख निर्धारित अमानत राशि प्रोसेसिंग फीस एवं टेण्डर फीस ऑनलाईन भुगतान करते हुए भुगतान की रसीद एवं निम्नानुसार दस्तावेज दिनांक– **01/06/2026** को **05:00** बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा।
   (अ) आयकर चुकता प्रमाण–पत्र अथवा पेन नम्बर।
   (ब) फर्म के प्रकरणों में फर्म का रजिस्ट्रेशन तथा पॉवर ऑफ अटर्नी।
   (स) म0प्र0 का वाणिज्य कर अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन होने का प्रमाण पत्र, टिन नम्बर, जीएसटी नम्बर।
2. ठेकेदारों को प्रचलित प्रस्तावित कानूनों तथा भविष्य निधि संबंधी प्रावधानों का पालन करना का दायित्व होगा।
3. आनलाईन धरोहर राशि परियोजना यंत्री, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग ग्वालियर क्र.02, ग्वालियर के पक्ष में स्वीकार की जावेगी।
4. निविदाकार को निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिए आवेदन में प्रमाण–पत्र लिखकर देना होगा कि निविदाकार का किसी भी विभाग में काली सूची में नाम दर्ज नहीं है।

5. मॉगे जाने पर मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होंगे।
6. निविदा की अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ अवलोकन की जा सकती है।
7. बिना कारण बताए निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार निविदा आमंत्रण कर्ता को होगा।
8. जिन निविदाकारों का कोई भी अनुबंध इस निविदा दिनॉक से पिछले पांच वर्षों में दाण्डिक प्रावधान के अंतर्गत समाप्त किया गया है ऐसे निविदाकार अनुबंध समाप्ति दिनॉक से आगामी 03 वर्ष तक निविदा में भाग नही ले सकेंगें।
9. ऐसे निविदाकारों जिनके द्वारा इस निविदा दिनांक से म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम में पिछले पॉच वर्षों में कोई भी दो कार्य अनुबंधित समयावधि के 50 प्रतिशत से अधिक विलम्ब से पूर्ण किये गये है एवं जिसके लिये दण्ड अधिरोपित किया गया है, वे निविदा में भाग नहीं ले सकेगे।
10. ऐसे निविदाकार जो कि वर्तमान में मध्य प्रदेश शासन की केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था के अनुसार निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत नहीं है उनको निविदा स्वीकृति पत्र के उपरांत 30 दिवस की अवधि में मध्य प्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग के आदेश क. एफ–17–1/बी/19/2010 भाग–4 भोपाल, दिनांक 29.03.2011 के अनुसार पंजीयन कराना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदाकार की अमानत राशि नियमानुसार राजसात की जावेगी, परन्तु निविदा में भाग लेने के लिए निविदा सूचना में दर्शाये गये विभागों में पंजीयन अनिवार्य है।
11. **नोट :– उपरोक्त वांछित दस्तावेज प्रत्येक पृष्ठ स्वप्रमाणित कर ऑनलाईन निविदा में संलग्न करना आवश्यक है। ऑनलाईन निविदा में प्रस्तुत स्वप्रमाणित दस्तावेज ही मान्य होगें।**
12. नोटः– **विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण, संभागीय कार्यालय म.प्र.पुलिस आवास एवं अधो.वि. नि. संभाग ग्वालियर क्रमांक–02 से निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।**

Sd/- 19/05/2026

परियोजना यंत्री
मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना
विकास निगम ग्वालियर संभाग क्र.02
ग्वालियर–2/दिनांक 19/05/2026

पृ. क्र. 320/निविदा/त.शा./मप्रपुआअधोविनि./2026

**प्रतिलिपि :– निम्न की ओर सूचनार्थ प्रेषित**

1. सेनानी, 17वीं वाहिनी वि.स.बल, भिण्ड।
2. मुख्य परियोजना यंत्री, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, भोपाल।
3. अधीक्षण यंत्री–1, मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम भोपाल।
4. कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, भिण्ड।

***की ओर सादर सूचनार्थ।***

5. परियोजना यंत्री, म0प्र0 पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग, ग्वालियर क्र.01, इन्दौर क्रमांक–01 व 02, जबलपुर क्रमांक–01 व 02 व 03/भोपाल 01 व 02/सागर/रीवा/बालाघाट/उज्जैन।
6. परियोजना यंत्री, (विद्युत), म0प्र0 पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, भोपाल।

***की ओर प्रचार–प्रसार हेतु।***

7. प्रोजेक्ट ऑफिसर राष्ट्रीय सूचना एवं विज्ञान केन्द्र, चेतक काम्पलेक्स की ओर कृपया शासकीय वेब साईट पर विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु।
8. लेखा शाखा मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम ग्वालियर संभाग 02 की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. प्रशासकीय ठेकेदार एसोसिएशन कार्यालय 32 सुन्दर नगर पिपलानी भोपाल की ओर प्रचार–प्रसार हेतु।
10. नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

Sd/- 19/05/2026

परियोजना यंत्री
मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना
विकास निगम ग्वालियर संभाग क्र.02

Signature Not Verified
Digitally signed by MANOJ KUMAR ACHARYA
Date: 2026.05.19 16:19:10 IST
Location: Madhya Pradesh-MP